pan>

Title: Need to take steps for functioning of Kendriya Vidyalaya in Katihar in two shifts.

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से जनहित का एक विषय इस सदन में रखना चाहता हूं । बिहार राज्य के अंतर्गत मेरा कटिहार जिला 112 आकांक्षी जिलों में से एक है और यह जिला भारत सरकार की विकास की प्राथमिकताओं में है । इतना कुछ होने के बाद भी आज शिक्षा के क्षेत्र में मेरा कटिहार जिला बहुत पीछे है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को देखते हुए कटिहार में जो केन्द्रीय विद्यालय चल रहा है, उसे दो पाली में चलाया जाए । वहां पर केन्द्रीय कर्मचारियों की संख्या बहुत अधिक है और वैसे भी आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चे-बच्चियों की उस विद्यालय में पढ़ने की बहुत इच्छा है । उस विद्यालय में भवन भी है, इंफ्रास्ट्रक्चर भी है । अगर वह विद्यालय दो पालियों में चलेगा तो 1500 और 1500, लगभग 3000 बच्चे वहां पढ़ सकेंगे । इसलिए आपके माध्यम से शिक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि उसे दो पाली में चलाया जाए, इससे शिक्षा का प्रसार बढ़ेगा ।

माननीय अध्यक्ष : श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल – उपस्थित नहीं ।

श्री सुनील बाबूराव मेंढे ।